# सकरिया में युवक की हत्या, खेत में मिली लाश

## इलाके में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

कोलगवां थाना इलाके के सकरिया गांव में एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने उसका शव उसके घर से दूर एक खेत से बरामद किया है।

सतना।






पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक,शहर के कोलगवां थाना की बाबूपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सकरिया निवासी युवक अनित प्रजापति पिता पंछीलाल प्रजापति (30) की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। उसका शव उसके घर से लगभग डेढ़ किमी दूर मटेहना रोड बेलानी जायसवाल के खेत के पास पड़ा मिला। जिस खेत में अनित का शव पड़ा था,उस खेत को उसने अधिया पर ले रखा था। हालांकि युवक राजगीर मिस्त्री था और भवन निर्माण में शटरिंग लगाने का काम करता था। बताया जाता है कि युवक रविवार को अपने घर से शटरिंग का काम करने सतना शहर के सिंधी कैंप आया था। रविवार की शाम लगभग 5 बजे उसकी अपने छोटे भाई हरि प्रसाद से फोन पर बात भी हुई थी। लेकिन जब अनित रात होने पर भी घर नहीं लौटा तो हरि प्रसाद ने दोबारा फोन लगाया लेकिन तब उसका मोबाइल बंद बताने लगा। परिजनों ने तलाश शुरू की तो रात लगभग 12 बजे युवक के ससुराल वाले भी आ गए और खोजबीन में लग गए। बाबूपुर चौकी पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने तब कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। पूरी रात चली तलाश के बीच सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे युवक के साले लक्ष्मण को अनित की बाइक मटेहना रोड पर बेलानी जायसवाल के खेत के पास खड़ी दिखी। जब लोग उस दिशा में आगे बढ़े तो अनित का शव खेत में पड़ा मिला।

### सर पर मिले चोट के निशान

युवक के सिर के पिछले हिस्से में गहरी चोट थी और शरीर मे कई अन्य जगह भी खून के धब्बे थे। सूचना मिलने पर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान कोलगवां थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कराई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के इस मामले में मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर संदेह जताया है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के तीन पार्षदों ने भाजपा का दामन थामा



**सतना।** लोकसभा चुनाव खत्म हो गए लेकिन कांग्रेस छोड़ने वालों का सिलसिला बंद नहीं हुआ है। सोमवार को सतना नगर निगम के तीन कांग्रेसी पार्षदों ने भोपाल में भाजपा का दामन थाम लिया। इन पार्षदों ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी की राजनीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के तीन पार्षद राजेश कुमार सूर्यवंशी पार्षद वार्ड क्रमांक 27, अच्छेलाल कोल पार्षद वार्ड क्रमांक 30 और सौरभ मलिक पार्षद वार्ड क्रमांक 43 ने भोपाल में भारतीय जनता पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री ने कांग्रेस पार्षदों का स्वागत करते हुए विकास व जन कल्याण के कार्य में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। उक्त अवसर पर सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार,निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन, एमआईसी सदस्य आदित्य यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

### 2219 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन में इस हफ्ते अच्छा कार्य किया है। पिछले माह की 2219 शिकायतें कम हुई है जबकि चालू सप्ताह तक प्राप्त होने वाली कुल शिकायतों में भी 1386 शिकायत कम होना दर्ज की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार बनाए रखें। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एसडीएम एपी द्विवेदी,राहुल सिलाडिया,सुधीर बेक,नीरज खरे, आरएन खरे,जीतेन्द्र वर्मा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग की लंबित शिकायतें कम तो हुई है। लेकिन अभी भी कोई तहसील डी श्रेणी से बाहर नहीं आ पाई है। उन्होंने कहा कि पटवारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पटवारी वार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें निकालकर उन्हें टारगेट दें। एसडीएम पटवारियों की बैठक में निराकरण की समीक्षा भी करें। बिरसिंहपुर तहसील अभी भी निराकरण के मामले में सबसे पीछे है। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलों में 60 प्रतिशत निराकरण कर डी श्रेणी से बाहर निकले। अन्यथा की स्थिति में डी श्रेणी में रहने पर संबंधित तहसीलदार का एक सप्ताह का वेतन काट दिया जाएगा। चालू सप्ताह में जिले में कुल 15995 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित है। जिनमें सर्वाधिक राजस्व 3101,ऊर्जा 1716, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 1306,महिला बाल विकास 1290 शिकायतें लंबित हैं।

### पटवारियों को नोटिस

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने सोमवार को जिले के बाटम में रहे 10 पटवारियों और प्रत्येक तहसील के 5-5 बाटम में रहने वाले पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम एपी द्विवेदी,जीतेन्द्र वर्मा,सुधीर बेक,नीरज खरे, आरएन खरे,राहुल सिलाडिया,एसएलआर मुन्नालाल तिवारी भी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में एनपीसीआई और के-वायसी पेंडिंग की अधिक संख्या वाले जिले के बाटम के 10पटवारियों से वन-टू-वन जानकारी लेकर समीक्षा की। इनमें सर्वाधिक लंबित एन पी सी आई के प्रकरण पटवारी हल्का पिंडरा,खरवाही,नयागांव,कामता,अबेर,सेजवार,बिहरा,ऐरा,नयागांव, नरदहा के पाए गए।

# गौशाला चौक में रोज लग रहा है जाम, लोग परेशान

## सड़क खोदने और ठीक करने को लेकर काम में धीमी गति बनी परेशानी





सतना।

रेस्टोरेशन कार्य के लिये लाई गयी मशीन सड़क पर खड़ी होने के कारण सोमवार सुबह गौशाला चौक में करीबन एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि यह मशीन करीबन 15-20 दिन से इस चौक के पास खड़ी हुई है। जिसके कारण इस सड़क से गुजरने वाले आटो,कार,जीप, दो पहिया वाहन चालकों को जहां काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पैदल राहगीरों को भी दिक्कत हो रही है। सिटी कोतवाली से गौशाला चौक तक का काम पूरा होने के बाद नगर निगम प्रशासन के निर्देश पर काम चलाऊ सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। किन्तु पूर्व में लाई गयी विभिन्न मशीनों को निर्माण स्थल से आगे बढ़ाकर सड़क पर ही खड़ा कर दिया है। जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो रहा है।



### आम हो गया जाम लगना

डालीबाबा,नजीराबाद से सिटी कोतवाली की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर इन दिनों थोड़ी-थोड़ी देर बाद जाम लगना आम बात हो गयी है। दरअसल सिटी कोतवाली से डालीबाबा चौक के बीच सीवर लाइन एवं अमृत जल योजना-2 का काम चल रहा है। सिटी कोतवाली से लेकर गौशाला चौक तक सीवर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके आगे के निर्माण कार्य की प्रक्रिया फिलहाल वर्षा का मौसम शुरू हो जाने के कारण रोक दी गयी है। नगर निगम आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना के निर्देश पर अमृत जल योजना-2 व सीवर लाइन के लिये खोदे गये गड्ढों को पाटने एवं समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। उधर नागरिकों का आरोप है कि जिन स्थानों में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेस्टोरेशन कार्य कराया जा रहा है,कई जगहों पर सही ढंग से गड्ढों को नहीं पाटा गया है और समतलीकरण का कार्य भी नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि इस कार्य से संबंधित ठेकेदार के मजदूरों द्वारा कहीं-कहीं लोगों के घरों के सामने दूसरे स्थान का मलवा भी एकत्र करवा कर पहाड़ जैसा बना दिया गया है। जबकि कई घरों के सामने सही ढंग से रेस्टोरेशन कराने के साथ बाकायदा रोड रोलर चलवा कर समतलीकरण किया गया। नागरिकों ने इस गड़बड़ी को अतिशीघ्र सुधारे जाने की मांग नगर निगम प्रशासन से की है।

### गड्ढे में फंसा ट्रक

बताया गया है कि सुभाष चौक के पास सीवर लाइन बिछाने एवं अमृत जल योजना की लाइन बिछाने के लिये खोदे गये गड्ढों को यद्यपि पाट दिया गया है। कथित तौर पर समतलीकरण का कार्य भी करा दिया गया है, इसके बावजूद खोदे हुये गड्ढे पूरी तरह से बराबर नहीं हो पाये हैं। जिसका उदाहरण गत दिवस बरसे पानी से हुई कीचड़ में एक ट्रक के धंस जाने की घटना है। लोगों का कहना है कि यदि खोदी गयी मिट्टी को ठीक से बैठाया गया होता तो पहली ही बरसात में न तो इतनी अधिक कीचड़ और फिसलन होती और न ही ट्रक फंसता। बड़ी मशक्कत के बाद फंसे हुये ट्रक को बाहर निकाला गया।

# तीन दिन के भीतर रेलवे फाटक नहीं खोला तो 25 गांव के लोग बैठेंगे धरने पर

## उचेहरा रेलवे फाटक को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश एईएन को ज्ञापन सौंपा

**सतना।** रेलवे द्वारा उचेहरा रेलवे फाटक बंद करने पर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। सोमवार को रेलवे के अधिकारियों को क्षेत्रीय लोगों ने ज्ञापन देकर तीन दिन के अंदर फाटक खोलने की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अगर तीन दिन में रेलवे के द्वारा फाटक और उसका रास्ता नहीं खोला गया तो मजबूर होकर उचेहरा के साथ ही लगभग 25 गांव की जनता धरने पर बैठेगी। सोमवार को सतना से एईएन राजेश पटेल और राजेश तिवारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से बातचीत की। इस मौके पर उचेहरा व्यापारी संघ,भारतीय किसान यूनियन,कैट और छात्रों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि वैकल्पिक मार्ग अथवा अंडर पास का प्रबंध किये बिना रेलवे फाटक बंद न किया जाए।



**6 किलोमीटर का लगाना पड़ता है चक्कर-** रेलवे ने सतना-उमरिया स्टेट हाईवे पर स्थित उचेहरा रेलवे फाटक स्थाई तौर पर बंद कर दिया है। रेलवे गेट बंद करने के साथ रेलवे ने सड़क पर गड्ढा भी खोद दिया है और यहां दीवार बनाने की प्रक्रिया भी शुरू करा दी है। इतना ही नहीं कोई रेलवे लाइन पार कर भी कोई दूसरी तरफ न जा सके इसके लिए पुरानी बनी पुलिया के सामने भी दीवार बना दी गई है। रेलवे के इस कदम से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।अब तक लोग अपने घर-खेतों तक रेलवे लाइन पैदल भी पार कर के पहुंच जाते थे। हालांकि,अब फाटक बंद हो जाने और पुलिया पर भी दीवार बन जाने से लोगों की मुश्किल बढ़ गई है। लोगों ने बताया कि अब उचेहरा कस्बे में ही लाइन के इस पार रहने वालों को उस पार जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों-मरीज भी 6 किमी का चक्कर काटने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

## सतना और मैहर जिले में

# परिसंपत्तियों के निर्माण में कथित घोटाले को लेकर निरीक्षण दल गठित

**सतना।** सतना और मैहर जिले मे परिसंपत्तियों के निर्माण में किये गये 7.65 करोड़ के घोटाले के मामले में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष की मांग पर सामान्य प्रशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर आरईएस के कार्यपालन यंत्री के नेतृत्व में निरीक्षण दल का गठन किया गया है।जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 10 दिवस के अंदर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सतना और मैहर जिले की 255 विद्यालयों के परिसंपत्तियों के मरम्मत एवं निर्माण में किए गए 7 करोड़ 65 लाख रूपयों के कथित घोटाले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ज्ञात हो की लोक शिक्षण कार्यालय भोपाल द्वारा सतना और मैहर जिले के 255 विद्यालयों को 300000 पर प्रति विद्यालय की दर से 7 करोड़ 65 लख रुपए की राशि जारी की गई थी। इस राशि का उपयोग जिले के चिन्हित 255 विद्यालयों में कार्यालय आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल द्वारा जारी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही विद्यालयों के विभिन्न परिसंपत्तियों के संरक्षण व मरम्मत कार्यों मे किया जाना था लेकिन जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार द्वारा किए गए निरीक्षण और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर 255 विद्यालयों में से मात्र 10 प्रतिशत विद्यालयों ने ही आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय द्वारा निर्धारित की गई गाइड लाइन के आधार पर मरम्मत कार्य संपन्न कराये शेष अन्य विद्यालयों द्वारा मरम्मत कार्य के नाम पर आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय भोपाल द्वारा जारी की गई राशि के बड़े हिस्से को खुर्द बुर्द कर दिया। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने अधिकांश विद्यालयों द्वारा मनमानी तरीके से खर्च की गई इस राशि पर आपत्ति दर्ज कराते हुए विभिन्न मंचों पर इसकी लगातार शिकायतें की। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने इसी संबंध में एक वृहद समीक्षा बैठक भी बुलवाई थी और इस समीक्षा बैठक में विद्यालय प्रमुखों को आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के आधार पर मरम्मतीकरण में खर्च करने की प्रक्रिया और खर्च की गई राशि के बिल वाउचर की प्रामाणिक प्रतियो के साथ अन्य विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी,जिसमें से अधिकांश विद्यालय निर्धारित प्रक्रिया में खर्च की गई राशि के बिल वाउचर और खर्च प्रक्रिया के दस्तावेज उपलब्ध कराने में असफल रहे इसके बाद जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने इस मुद्दे को सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में उठाया और परिसंपत्तियों के संरक्षण में किए गए इस भारी भ्रष्टाचार की जांच की मांग लोकायुक्त से कराने की की और इसी मांग के आधार पर 2 फरवरी 2024 को सामान्य प्रशासन समिति ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना को एक टीम का गठन कर उसमें जिला पंचायत स्थाई शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों को सम्मिलित करते हुए एक वृहद जांच करने का आदेश दिया था,उसी के पालन में सीईओ जिला पंचायत सतना द्वारा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा दी गई 27 विद्यालयों की जांच करके 10 दिवस के अंदर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# जांच टीम ने 3 दिन में खंगाला 8 गोदामों का स्टॉक, 35 सैंपल लिए

**सतना।** एक सप्ताह पूर्व पीडीएस के लिए नान द्वारा भेजे गए कस्टम मिलिंग के एक रैक चावल की खेप शिवपुरी में गुणवत्ताविहीन पाए जाने के बाद एमडी प्रताप नारायण यादव द्वारा गुणवत्ता की जांच के लिए गठित तीन अधिकारियों की टीम संबंधित गोदामों की जांच के उपरांत तीसरे दिन रविवार को देर शाम भोपाल रवाना हो गई। टीम अपने साथ यहां से आठ गोदामों से उठाए गए 35 सैंपल भी गुणवत्ता की जांच के लिए ले गई है। तीन अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम सोमवार को भोपाल पहुंच गई। संभावना व्यक्त की जा रही है की टीम अपनी रिपोर्ट एमडी को सौंपेगी। दरअसल सतना से पीडीएस के लिए एक रैक में 28 हजार 750 बोरी चावल शिवपुरी भेजा गया था। इसमें से ज्यादातर चावल अमानक होने के बाद एमडी द्वारा उप महाप्रबंधक रजनीश राय, गुणवत्ता नियंत्रक दिलीप सक्सेना एवं नान रीवा की क्षेत्रीय प्रबंधक शिखा सिंह वर्मा की संयुक्त जांच टीम का गठन किया था। ये अधिकारी 5 जुलाई को कस्टम मिलिंग के चावल के गुणवत्ता की जांच करने के लिए यहां आए थे।

**250 बोरियों में चावल सड़ा और फफूंद लगा था**-29 जून को सतना रैक हेड भेजी गई चावल की खेप 1 जुलाई को शिवपुरी पहुंची थी। वहां के अधिकारियों द्वारा की गई जांच में 20 हजार बोरियों का चावल अमानक पाया गया था। इन्हीं में से करीब 250 बोरियों का चावल सड़ा और फफूंद लगा था। इसी में से 5 हजार बोरी चावल श्योपुर और विजयपुर भी भेजा गया था। शिवपुरी भेजे गए चावल की करीब 80 प्रतिशत बोरियों के टैग कटे-फटे और बुरी तरह क्षतिग्रस्त थे।

# किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ललित के स्वागत मे उमड़ा जन सैलाब

सतना।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त सतना जिलाध्यक्ष ललित दुवेदी के प्रथम सतना नगर आगवन पर सतना स्टेशन पर स्वागत करने वालो का जन सैलाब उमड़ पड़ा ललित दुवेदी ने अपनी नियुक्ती पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान बरिष्ट कांग्रेस नेता अभय सिंह रोली भइया के प्रति आभार ज्ञयापित किया साथ ही सतना जिले के किसानो के समस्याओ की लड़ाई लड़ेगे हम सब के नेता सासंद केन्द्र सरकार के नेता प्रतिपक्ष रहुल गांधी की बिचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। स्वागत में पहुंचे सभी किसानो एवं कांग्रेस जनो का आभार ज्ञापित किया। स्वागत में प्रमुख रूप से राजभान सिंह राजेंद्र गर्ग प्रवीण सिंह कमलेश मिश्रा बिनोद दुवेदी रोहित कान्त सिंह कृष्णेद्र सिंह संतोष पाण्डेय बिजय सिंह प्रभा जित्तू बागरी रीतेश त्रिपाठी शिवशंकर गर्ग स्वतंत्र मिश्रा सुरेद्र चौधरी मनीष टेकवानी अमित अवस्थी के के तिवारी कुस्मेद्र त्रिपाठी समर बहादुर सिंह कमलेद्र सिंह दिग्विजय सिंह शैलेन्द्र सिंह अरबिंद सिंह रामअवतार कुसवाहा मनोज सिंह सूर्यवली त्रिपाठी मुरारी सिंह अजय सिंह संज्जू ऋषभ सिंह राममणी शुकला भइया सगमा सौनक सिंह बिक्रम सिंह अदित्य नारायण पाण्डेय चनद्रिका दुवेदी परदेशी गुप्ता मुलायम कुशवाहा जानकी शरण गौतम पुष्पेद्र गौतम दुर्गेश गौतम नारायण गुप्ता बिज्ञान सिंह पप्पू सिंह शैलेद्र मिश्रा संजय सिंह अनंदलाल शुकला कुवर बहादुर सिंह आनंद पाण्डेय दीपेद्र सिंह धीरेंद्र सिंह राजाभइया सिंह देवेन्द्र सिंह संजीत सिंह मानेद्र सिंह सोलंकी अवनीश हरदी अनिल अन्नी वीना पटेल गयानंद कुशवाहा आदि शैकड़ो लोग उपस्थित रहे।





**खबर संक्षेप**

### अमानगंज थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**अमानगंज** एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के उपलक्ष्य में थाना परिसर अमानगंज में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री कृष्णा साई एस थोटा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति आरती सिंह , अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ग्लैडविन एडवर्ड कार एवं थाना प्रभारी अमानगंज उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह सिंह भदौरिया एवं समस्त थाना स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया जो थाना परिसर अमानगंज में लगभग 50 – 60 वृक्ष लगाये गये जिनमें फलदार वृक्ष आम, जामुन, सहतूत, अमरूद, आँवला एवं अन्य छांवदार वृक्ष लगाये गये हैं उक्त वृक्षों की देखरेख करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्टाफ को निर्देशित किया गया है।

### पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत नर तेंदुए की मृत्यु



पन्ना। पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत परिक्षेत्र महला में वन अमले के वन गश्त के दौरान परिक्षेत्र मडला के बीट मड़ला में कोसम पुलिया राष्ट्रीय राज्यमार्ग 39 के पास एक नर तेंदुआ मृत पाया गया। मौके पर डॉग स्क्वाड की मदद से क्षेत्र की छान-बीन की गई। प्रकरण में वन अमले के द्वारा अन्वेषण जारी है। उक्त तेंदुए का शव विच्छेदन डॉ. संजीव गुप्ता, वन्य प्राणी चिकित्सक द्वारा किया जाकर क्षेत्र संचालक, उप संचालक, तहसीलदार पन्ना, सहायक संचालक महला परिक्षेत्र अधिकारी मडला, वन्यजीव विशेषज्ञ एवं सरपंच महला व अन्य स्टाफ की उपस्थिति में शव विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

### रास्ता बंद होने के कारण कलेक्टर पन्ना से लगाई गुहार

**पन्ना।** आवेदक नरेन्द्र कुमतार लोधी निवासी सिली थाना गुनौर जिला पन्ना ने कलेक्टर महोदय पन्ना एवं एसडीएम गुनौर को आवेदन प्रस्तुत करते हुये निवेदन किया है कि अनावेदक बिहारी लाल लोधी पिता अशोक लोधी निवासी ग्ा्रम सिली के द्वारा आवेदक नरेन्द्र कुमार लोधी के घर के सामने शासकीय गली में दो ट्राली पत्थर रखकर आम रास्ता बंद कर दिया है। मना करने पर गाली-गलौज एवं मारपीट की धमकी देते है आवेदक को घर से निकलने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

आज के युग में शरीर को स्वास्थ्य रखते हुये सादा जीवन उच्च विचार को लेकर अपने जीवन को सही दिशा देने का दिया संदेश

# साइकिल से गांव-गांव में पहुंचकर अपराधियों की पड़ताल वहीं सूचना तंत्र हो रहा मजबूत, थाना प्रभारी अजयगढ़ की कार्यप्रणाली

**पन्ना।** अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जो अपने थाना क्षेत्र में कभी भी कहीं भी साइकिल में ही निकल पड़ते है वहीं थाना क्षेत्र के गांवों में साइकिल से लोगों से मिलते जुलते हालात को जानते है।




कहां क्या चल रहा है यह भी आम आदमी की दर्ज पर बखूबी जानकारी को लेकर पड़ताल भी होती है अपराधियों की खैर नहीं क्योंकि इस हालात में कई बार कहीं जुंआ तो कहीं नशेड़ी हांथ लगते है उन पर कार्यवाही की भी दिशा तय होती है वहीं गांव-गांव में यह संदेश भी जाता है कभी भी बिना सूचना बिना गाड़ी बिना रॉब के थाना प्रभारी सादगी के साथ साइकिल से ही आ जाते है वहीं अपराधियों में भी अब यह संदेश जा रहा है कि कोई ठिकाना नहीं कब कहां थाना प्रभारी आ जायें वहीं आम आदमी में जागरूकता यह भी प्रेरणा को लेकर आ रही है। कि सादगी के साथ कोई भी कहीं भी इनसे बात कर सकता है। वहीं युवाओं के लिये प्रेरणाश्रोत है क्योंकि आज के युग में जहां पावर और शक्ति को पीछे करके सादा जीवन और स्वयं ही सरल हृदय के साथ साइकिल से ही आम आदमियों से गांव-गांव में पहुंचकर मिलते है तथा शरीर के लिये स्वस्थ्य काया का निर्माण होने की दिशा भी तय होती है अपराधियों की भी जानकारी बखूबी लगती है तथा यह भरोसा थाना क्षेत्र में लोगों को अलग ही भा रहा है कि अब आम आदमी की भी सुनवाई बखूबी होगी यहां तो सरल तथा बिना वर्दी व बिना गाड़ी व रूतबे के कहीं भी थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर पहुंच जाते है वहीं अगर गांवों में जुंआ सट्टा व अवैध दारू गांजा विक्रय करने वालों के ऊपर भी कार्यवाही तय हो जाती है। इस तरह से जहां अजयगढ़ थाना प्रभारी समाचार लिखे जाने तक अजयगढ़ से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम फरस्वाहा पहुंचे जहां उनका लोगों ने खुशी का इजहार करते हुये तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया। ऐसे सरल हृदय थाना प्रभारी को आम आदमी उत्साह से मिलते है वहीं गांवों में शांति का वातावरण कायम होने को लेकर दिशा तय हो रही अपराधियों की खैर नहीं क्योंकि कभी भी कहीं भी साइकिल से पहुंच जाते है थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर। इस तरह से जहां जिले में पुलिस थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर की सादगी व सामाजिक पुलिसिंग की दिशा तथा आम आदमी में पुलिस का विश्वास व भरोसा तथा सूचना तंत्र अलग ही मजबूत होता है। जिनके व्यतित्व व सादगी को लेकर युवाओं में भी बेहतर संदेश स्वस्थ्य जीवन साइकलिंग को लेकर एक अलग ही प्रेरणा दे रहा है।



बड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# पन्ना पुलिस द्वारा डीजल चोर गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा मडला थाना क्षेत्र में ट्रक से चोरी किया गया था 150 लीटर डीजल**

**पन्ना।** थाना मडला क्षेत्रान्तर्गत कृष्णा होम स्टे के पास खड़े ट्रक से रात के समय में करीब 150 लीटर डीजल कीमती करीब 14 हजार रूपये का चोरी करने वाले आरोपी अजय लोनी, भूपेन्द्र लोनी एवं शनि साहू को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया है। मामले में फरियादी सुरेन्द्र पाल पिता पूरन पाल उम्र 28 वर्ष निवासी-मडला द्वारा पुलिस को रिपोर्ट में बताया गया कि मैं ट्रक ड्रायवरी का काम करता हूँ। दिनांक 22/06/24 को रात के समय मैं ट्रक को मडला में कृष्णा होम स्टे के थोड़ा आगे खड़ा करके घर चला गया था। अगले दिन जब सुबह मैं वापस ट्रक लेने आया तो देखा कि ट्रक के डीजल टैंक का ढक्कन खुला था, मुझे संदेह हुआ तो मैने डीजल चेक किया जो करीब 150 लीटर डीजल कम था। कोई अज्ञात चोर रात के समय मेरे ट्रक से करीब 150 लीटर डीजल चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना मडला में अप.क्र.57/24 धारा 379 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही अज्ञात आरोपियों को त्वरित गिरफ्तार किये जाने हेतु मडला पुलिस टीम एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना मडला पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना की मदद से मामले में 03 आरोपियो को खिला चौकी के आगे पुलिया के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। जिन्होने घटना कारित करना स्वीकार किया।






पुलिस टीम द्वारा चोरी किये गये डीजल के संबंध में पूँछे जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो ने करीब 110 लीटर डीजल बेचकर मिले पैसो का बँटवारा कर लिया था, शेष 40 लीटर डीजल पुलिया के नीचे छिपाये हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये डीजल को बेचने से मिले 5 हजार रूपये नगद, 40 लीटर डीजल, घटना में प्रयुक्त डिजायर कार कीमती करीब 7 लाख रूपये एवं एक पाईप और पेंचकस (स्क्रू ड्रायवर) जप्त किया जाकर आरोपियों के गिरफ्तार किया गया है।जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया डीजल 40 लीटर कीमती करीब 3920 रूपये, आरोपियों द्वारा बेचे गये डीजल से प्राप्त हुये रूपयों में से नगद 5000 रूपये, घटना में प्रयुक्त एक डिजायर कार कीमती करीब 7 लाख रूपये, डीजल निकालने हेतु प्रयोग किया जाने वाला एक पाइप कीमती करीब 100 रूपये, 01 पेंचकश (स्क्रूडॉयवर) कीमती करीब 150 रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 7 लाख 9 हजार 170 रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मडला उनि ए.पी. सिंह बघेल, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि बिन्दावन प्रजापति, प्र.आर. आजम खान, आर. बृजेन्द्र रैकवार, अंगराज पटेल एवं पुलिस सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को 10 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# राशि के अभाव में दम तोड़ते स्व सहायता समूह

**अमानगंज.** नगर क्षेत्र सहित सैकड़ो गरीब परिवारों की महिलाएं मध्यान भोजन एवं साझा चूल्हा का संचालन वर्षों से करती आ रही है परंतु जिला प्रशासन की बेरुखी से इन्हें समूह संचालक एमडीएम एवं साझा चूल्हा की की राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है जिससे गरीब परिवारों की महिलाओं को मध्यान संचालन में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है दूसरी तरफ शिक्षा विभाग का कड़ा आदेश महिलाओं के लिए परेशानी बन रहा है महंगाई के दौर में राशि न मिलने से समूह संचालक महिलाएं परेशान देखी जा रही हैं विदित हो कि गरीब परिवारों की महिलाएं वर्षों से स्व सहायता समूह के माध्यम से सझा चूल्हा एवं मध्यान भोजन का संचालन वर्षों से ईमानदारी पूर्वक करती आ रही हैं समाचार पत्र के माध्यम से समस्त स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन से अपील की है कि राशि अभिलंब दिलवाई जाए जिससे मध्यान भोजन एवं सझा चूल्हा योजना सुचारू रूप से संचालित की जा सके

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर शुरू हुई जनसुनवाई के लिए सभी विभाग प्रमुखों को पूर्व में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे, जिसके तहत जिला कलेक्टर द्वारा आज संपन्न हुई टीएल बैठक में भी सभी विभागीय अधिकारियों को जनसुनवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि सुशासन व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गांव-गांव तक आमजनों की समस्याओं के तत्काल निराकरण तथा सेवाओं की सुलभ उपलब्धता के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में ग्रामीणजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त करने और पारदर्शिता के साथ शिकायत निवारण के लिए सभी लोकसेवकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरतने वाले अथवा अनुपस्थित लोकसेवकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। पर्यवेक्षण अधिकारियों को व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग के लिए निर्देशित किया गया है। सभी ग्रामवासियों से समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये




### हितग्राही मूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के दिये निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार विभागीय गतिविधियों का प्राथमिकता के साथ बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कर हितग्रामूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों व मांग अनुसार भी समयावधि में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान न्यायालयीन प्रकरणों में अवमानना याचिका के जवाब प्रस्तुत करने सहित गेहूं, मसूर व सरसों उपार्जन उपरांत परिवहन, भंडारण व किसानों को राशि भुगतान की अद्यतन स्थिति, अनुपयोगी बोरवेल को बंद करने संबंधी कार्यवाही और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के लंबित प्रकरणों में की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली गई। इसके अतिरिक्त केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत पन्ना व गुनौर तहसील के आठ ग्रामों में प्रभावितों के मुआवजा वितरण तथा पन्ना-सतना रेल लाइन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी लेकर वांछित कार्यवाहियों के संबंध में निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने सभी तहसीलदार को पटवारी एवं आरआई के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से सीमांकन व पंचनामा कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने पुराने महेन्द्र भवन में संचालित शासकीय कार्यालयों की सामग्री का अविलंब उठाव कर भवन रिक्त करने की सूचना देने, समग्र भूमि ई-केवायसी कार्य, नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक चिन्हांकन कार्य, जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को निरंतर जारी रखने और पूर्ण कार्यों के संरक्षण, आपदा प्रबंधन से बचाव की आवश्यक कार्यवाही, बीज उपलब्धता, महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए वन भूमि के हस्तांतरण और प्रभावित वन भूमि के बदले राजस्व भूमि उपलब्ध कराने तथा कॉलेज चलो हम अभियान के संबंध में भी चर्चा की।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में समय पर शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा शालाओं के पर्यवेक्षण कार्य के लिए अधिकारियों को ड्यूटी निर्धारित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाए कि शालाओं में रूचिकर गतिविधियों के जरिए अध्ययन कार्य सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने स्कूल की जमीन से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। साथ ही छात्रवृत्ति वितरण की जानकारी लेकर पात्र विद्यार्थियों को अविलंब शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण सुनिश्चित कराने के संबंध में निर्देशित किया। द्वितीय चरण में स्वीकृत सीएम राइज स्कूल भवन के लिए जमीन आवंटन संबंधी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

### शासकीय कार्यालयों में समय पर सुनिश्चित हो उपस्थिति

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग प्रमुख निर्धारित समय पर कार्यालयों में शासकीय सेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। अधीनस्थ लोकसेवकों को समय पालन के लिए पाबंद कर अनिवार्य रूप से निर्धारित समयावधि में कार्यालयों में उपस्थित रहने के लिए निर्देश दिए। लापरवाही पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित भी किया। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण और निराश्रित गौवंश की निकटतम गौशाला में शिफ्टिंग सहित टीएल, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सेवाओं की समय पर उपलब्धता तथा प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ करने के संबंध में निर्देशित किया। इसी तरह शासकीय व निजी संस्थाओं में लैंगिक उत्पीड़न निवारण समिति के गठन व नए निर्देशों के तहत पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। साथ ही जनहित संबंधी कार्यों के लिए सीएसआर फंड से राशि के उपयोग व विभागवार आवश्यक कार्यों के लिए जरूरी प्रस्ताव समय पर प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में जिला अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन बनी शोपीस, प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटरों में लुट रहे मरीज

**युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने की रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग**



**पन्ना।** जिला अस्पताल पन्ना में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में सोनोग्राफी मशीन शोपीस बनी हुई है जिसके चलते गरीब मजदूर और किसान वर्ग के मजदूरों को प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटरों में सोनोग्राफी अल्ट्रासाउंड करवा कर 800 से 1000 रुपए तक का भुगतान करना पड़ रहा है। मामले में युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी के द्वारा सवाल उठाते हुए कहा गया है कि जब जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है तो रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही क्या कमीशनखोरी के चक्कर में जानबूझकर रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती नहीं की जा रही, ऐसा अब तक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति क्यों नहीं की गई। श्री अवस्थी ने मांग उठाई है कि 15 दिनों के अंदर जिला अस्पताल पन्ना में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए जिससे गरीब वर्ग के मरीजों को निशुल्क सोनोग्राफी का लाभ मिल सके अन्यथा की स्थिति में जन आंदोलन की चेतावनी दी गई है। बता दें कि कई साल पहले जिला अस्पताल पन्ना में सोनोग्राफी मशीन आ चुकी थी कुछ समय तक निशुल्क सेवाएं प्रदान की जाती रहीं लेकिन धीरे-धीरे सेवाएं समाप्त हो गई जिससे पन्ना नगर में निजी सोनोग्राफी सेंटरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, सुविधा विहीन सोनोग्राफी सेंटरों में मरीजों से मनमानी वसूली की जा रही है जिससे गरीब वर्ग के मरीज परेशान है। यह मामला काफी समय से चर्चा में था कुछ लोग अधिकारियों और नेताओं से तबी जुबान से इस मामले की शिकायत करते रहते थे लेकिन युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी खुलकर सामने आए हैं और जिला अस्पताल पन्ना में निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा हेतु अति शीघ्र रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती की मांग उठाई है। 15 दिनों के अंदर भर्ती नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है, अब देखना यह होगा कि अस्पताल प्रबंधन इस मामले में क्या कदम उठाता है। क्योंकि यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है।

# किरतपुर सरपंच ने दिए कन्याओं के विवाह में उपहार





पन्ना। रामनारायण सिंह शिक्षक के मुख्य अतिथि में आज कीरतपुर ग्राम पंचायत में सामूहिक रूप से इस वर्ष होने वाले गांव की कन्याओं के विवाह में उपहार प्रदान किए गए।

इस दौरान रामबाबू गौतम ने बताया कि हमारा प्रयास है कि जिन कन्याओं का विवाह हो रहा है प्रत्येक वर्ष इस तरह का उपहार दिया जाए जिससे गरीब लोगों की मदद हो जाती है अच्छी उपहार से लोगों को खुशी भी होती है उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष इस तरह उपहार दे रहे हैं और आगे भी कन्याओं के विवाह में उपहार देते रहेंगे, कन्याओं के परिजनों और उनको फ्रिज,कूलर, अलमारी जैसे उपहार प्रदान किए गए, जिन्हें महंगे उपहार दिए गए उनमें महिमा अहिरवार पिता बबलू अहिरवार, माया राजपुत पिता नरेंद्र कुमार रजनी रैकवार पिता राजकुमार रैकवार ,रोशनी पाल पिता भइया लाल एवं ज्ञान देवी पिता धर्मपाल राजपूत को फ्रिज ओर उषापाल पिता कल्लू पाल को अलमारी एवं रुकमणी बसोर को अलमारी व कूलर उपहार में प्रदान किए गए, सरपंच बबीता रामबाबू गौतम के इस सकारात्मक सोच और जनकल्याण की इस कार्य की ग्राम पंचायत में प्रशंसा हो रही है इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को बताए यातायात के नियम

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत द्वारा सोमवार कको महर्षि विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली बच्चों को यातायात के नियम बताए गए। श्री साकेत ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओ को सुसज्जित, सुरक्षित सड़क सस्कृति की परंपरा से अवगत कराना है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी, अति दुर्घटना वाले स्थानों का अवलोकन, यातायात पुलिस संबंधी उपकरणों की जानकारी, सिग्नल एवं संकेतों की जानकारी, यातायात व्यवस्था एवं यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया है ताकि वे एक आदर्श नागरिक, सजग रोड सेफ्टी प्रोत्साहक और गुड समेरेटन बनें। छात्र-छात्राओं को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद वैध ड्राइविंग लाइसेंस धारक होकर ही वाहन चलाएं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के लगभग चार सैकड़ा छात्र-छात्राएं एवं महर्षि विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### मजदूर की सड़क किनारे मिली लाश



**हरपालपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरबई गांव जाने वाली कच्ची सड़क पर सोमवार को मिर्गी का दौरा पडने से गैस गोदाम के पास कीचड़ भरे गड्ढे में साइकिल से नीचे गिरकर 49 वर्षीय मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद गलान निवासी प्रभू अहिरवार पिता कुल्टाई अहिरवार उम्र 49 वर्ष अपने गांव से बरबई रोड पर स्थित नारायण यादव के खेत पर मजदूरी के लिए आ रहा था। रास्ते में अचानक उसे मिर्गी का दौरा आया और वह साइकल के साथ सड़क के बाएं तरफ सिर्फ कीचड़ भरे गड्ढे गिर गया। जब राहगीर गलान गांव उसके परिवार के लोगों को सूचना देने गए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। टीआई राकेश साहू ने बताया कि उसे नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए नौगॉव सीएचसी भेज कर मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी हैं।

### पहली बार छतरपुर पहुंचे डॉ वीरेन्द्र कुमार



**छतरपुर।** हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में टीकमगढ़-छतरपुर संसदीय सीट पर जीत हासिल कर भारत सरकार में पुनः केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री बनने के बाद सांसद डॉ वीरेन्द्र कुमार सोमवार को पहली बार छतरपुर पहुंचे। छतरपुर पहुंचने के बाद डॉ वीरेन्द्र कुमार खुली जीप पर सवार होकर शहर वासियों का आभार जताने निकले। इस दौरान जगह-जगह भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जवाहर मार्ग के पठापुर तिराहे पर पेप्टेक ग्रुप द्वारा डॉ वीरेन्द्र कुमार का पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ वीरेन्द्र कुमार सुबह 9 बजे नौगांव से रवाना होकर सर्वप्रथम गुलगंज पहुंचे। यहां क्षेत्रीय जनता का आभार जताने के बाद उनका काफिला बिजावर पहुंचा जहां विधायक राजेश शुक्ला बबलू के निवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक निवास पर अल्प विश्राम के उपरांत उन्होंने बिजावर की जनता का आभार जताया और इसके बाद मातगुवां, चौका, ढड़ारी होते हुए डॉ वीरेन्द्र कुमार छतरपुर पहुंचे।

# ग्रामीणों के आरोप : बरसों पुरानी शासकीय रास्ता को सूत्रकार ने बंद कर किया कब्जा

### तत्कालीन उपसंचालक कृषि विभाग बी.पी. सूत्रकार पर शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

### स्थानीय ग्रामीण लोग प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज, शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं

छतरपुर।

जिले के ग्राम कदारी में तत्कालीन उपसंचालक कृषि बीपी सूत्रकार पर शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा और सार्वजनिक रास्ता बंद करने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सूत्रकार ने अपने पद के प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया और इसे अपने पुत्र कार्तिकेय सूत्रकार के नाम कर दिया। इसके बाद जब यह मामला मीडिया के सामने आया तो आनन फानन में बीपी सूत्रकार ने यह जमीन अपने सहकर्मी भ्रत्य के नाम करवा दे।

#### क्या है पूरा मामला

बीते 2 साल पहले सूत्रकार ने 60 डिसमिल सिंचित जमीन अपने पुत्र कार्तिकेय सूत्रकार के नाम खरीदी थी, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने आस-पास की शासकीय भूमि पर भी कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूत्रकार ने ट्रैक्टर और जेसीबी से शासकीय भूमि को खेती योग्य बनाकर अपने कब्जे में ले लिया। इस कब्जे के बाद सूत्रकार ने शासकीय रास्ता को ही बंद कर दिया। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्राम कदारी के लोगों ने कई बार जनसुनवाई और एसडीएम छतरपुर को मामले की जानकारी दी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन इस मामले में मौन है और सूत्रकार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।



#### शिकायतें और प्रशासन की निष्क्रियता

ग्राम पंचायत कदारी के सरपंच पुत्र दुर्जी अहिरवार ने हाल ही में एसडीएम छतरपुर को एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि कार्तिकेय सूत्रकार ने शासकीय भूमि पर कब्जा करके पेड़ काट दिए और शासकीय नाले पर अतिक्रमण कर लिया। इसके बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कदारी निवासी किसान पिरवा कुशवाहा ने भी मई 2024 में कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन देकर अपनी जमीन पर बगैर अनुमति के कब्जा करने का आरोप लगाया था। पिरवा ने बताया कि उसकी जमीन बिना अनुमति के कार्तिकेय सूत्रकार को विक्रय कर दी गई, जबकि उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराई थी। फिर भी रजिस्ट्रार ऑफिस ने नियमों की अनदेखी कर रजिस्ट्री कर दी।

#### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि बीपी सूत्रकार ने अपने पुत्र कार्तिकेय के नाम से आधा एकड़ के लगभग जमीन खरीदी थी, लेकिन शासकीय जमीन पर करीब दो एकड़ में कब्जा कर लिया और इसे अपने विभाग में कार्यरत भ्रत्य मोहम्मद इशहाक के नाम विक्रय 21 जून 2024 को कर दिया। इसके बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बीपी सूत्रकार और उनके पुत्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और शासकीय जमीन को मुक्त कराया जाए, और शासकीय जमीन पर कब्जा करने वाले इन लोगों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

यह मामला प्रशासन की निष्क्रियता और शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर उदाहरण है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है और वे प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी मिली है, शासकीय अधिकारी द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा किए हुए हैं, तो यह गलत है। टीम गठित कार्रवाही करवाता हूं।

**अखिल राठौर**
**एसडीम छतरपुर**



# इंजीनियर के घर को चोरों ने बनाया निशाना

### सोते रहे परिवार के सदस्य, जेवरात और नगदी लेकर चोर हुए फरार

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबे कॉलोनी में रहने वाले मप्र पुलिस हाउसिंग इंजीनियर के घर से जेवरात और नगदी सहित लाखों रुपए की चोरी हुई है। बताया गया है कि अज्ञात चोर घर की खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल को तोड़कर कमरे में दाखिल हुए और सामग्री चुराकर फरार हो गए। जिस वक्त चोरी हुई उस वक्त परिवार के सदस्य घर के दूसरे कमरे में सोए हुए थे और उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि चौबे कॉलोनी निवासी मप्र पुलिस हाउसिंग इंजीनियर सौरभ मिश्रा का परिवार घर के अलग कमरों में सोया हुआ था। रात के वक्त अज्ञात चोरों ने घर के उस कमरे की खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल को तोड़ा, जो कि खाली था और उसमें परिवार के जेवरात तथा नगदी रखे हुए थे। ग्रिल तोड़कर चोर कमरे में दाखिल हुए और जेवरात नगदी सहित करीब 8 लाख की संपत्ति चुराकर फरार हो गए। सुबह जब घर के लोग सोकर उठे तब उन्हें चोरी की जानकारी लगी। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौका-मुआयना किया तथा चोरी का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु की गई।

### उमंग, उत्साह और अनुशासन से खेला गया खेल ही जीत का रास्ता तय करता है: विक्रम सिंह

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की 53वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

छतरपुर।

शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 53वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता (शतरंज) का समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह रहे जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनीष रूसिया ने की। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक यशपाल अरोरा चीफ आर्बिटर, अंकुर सिंह ठाकुर सहायक आर्बिटर रहे। इसके अलावा निर्णायक टीम के अन्य सदस्य, संभाग के 31 विद्यालयों के अनुरक्षक शिक्षकगण तथा 95 प्रतिभागी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सर्वप्रथम समापन समारोह के मुख्य अतिथि एएसपी विक्रम सिंह का एनसीसी दल की सलामी द्वारा स्वागत किया गया, तदुपरांत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्राचार्य मनीष रूसिया ने पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राचार्य ने अतिथियों, संभाग के विभिन्न विद्यालयों से पधारे अनुरक्षक शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अपनी पूरी टीम का आभार जताया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत या हार जीवन में महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि हम जो जीवन कौशल खेलों के माध्यम से सीखते हैं वह महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि एएसपी विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मेहनत एवं लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शतरंज के समस्त प्यादों का अपना-अपना महत्व होता है, उसी प्रकार जीवन में प्रत्येक वस्तु का अपना महत्व होता है। हार भी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इससे जीवन में तजुर्बा आता है। उमंग, उत्साह और अनुशासन से खेला गया खेल ही जीत का रास्ता तय करता है। इसके अलावा संभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए अनुरक्षक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। केंद्रीय विद्यालय सिवनी के चंद्रशेखर रंगारी टीजीटी अंग्रेजी ने विद्यालय की उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था की प्रशंसा की। वहीं सिंगरौली के छात्र हर्ष कुमार ने विद्यालय प्रबंधन के सभी सदस्यों के उत्तम व्यवहार की प्रशंसा की। समापन समारोह में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। अंत में बालक वर्ग शतरंज (अंडर-14, 17 एवं 19) के विजेता प्रतिभागियों को केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग की ओर से मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति-पत्र एवं मैडल तथा मुख्य निर्णायक यशपाल अरोरा एवं उनकी टीम को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिन्ह भेंट किए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने सभी का आभार जताया।



#### प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

अंडर-14 बालक वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में रुद्र शुक्ला केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 सतना प्रथम स्थान पर रहे जबकि शौर्य शर्मा केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 सतना द्वितीय एवं संस्कार सक्सेना केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह अंडर-17 बालक वर्ग में अर्णव कुमार केंद्रीय विद्यालय छिंदवाड़ा प्रथम, ठाकुर हृदराज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वन एसटीसी जबलपुर द्वितीय एवं अनुराग पवार केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-19 बालक वर्ग में आदर्श पटेल केंद्रीय विद्यालय दमोह प्रथम, पीयूष भरवा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा द्वितीय और रामनरेश साकेत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रीवा तृतीय स्थान पर रहे।

# हजरत सैय्यद बाबा लुकमान शाह का दो दिवसीय उर्स मुबारक

नौगांव।

शहर से 15 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम लुगासी में स्थित हजरत लुकमान शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में इस्लामी नव वर्ष की शुरुआत सोमवार से दो दिवसीय उर्स प्रारंभ हो गया है। जिसमें सोमवार पहले दिन दहगाह में सुबह फजिर में कुरानख्वानी, गुस्ल, नातिया प्रोग्राम के साथ चादरपोशी पेश की गई।

जानकारी के अनुसार सोमवार 8 जुलाई से इस्लामी नववर्ष की शुरुआत हो गई है, जिसके तहत इस्लामी पहले माह मोहर्रम की पहली तारीख यानि सोमवार से दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन शुरू हो गया है, जिसके चलते सोमवार को पहले दिन सुबह 5 बजे के लगभग बाद नमाज़ फजिर दरगाह में कुरानख्वानी आयोजित की गई। इसके बाद बाबा के अकीदतमंदों ने सुबह 7 बजे दरगाह पर गुसल सन्दल किया। बाहर से आए शायरों के द्वारा दरगाह में 10 बजे से 1 बजे तक नात शरीफ का प्रोग्राम आयोजित किया गया। दरगाह दोपहर 2 बजे से दरहगाह शरीफ से बाबा को चादर उठाई गई , चादर मजार से होते हुए मदीना मस्जिद, बाजार मोहल्ला होते हुए जामा मस्जिद के बाद हजरत लुकमान शाह के दरगाह पहुंची। इस दौरान भारी जनसमूह के साथ घोड़े, बैंड बाजे, डीजे शामिल हुए कार्यक्रम में बड़ी तादाद में दूर-दूर से आए अकीदत मंदो ने शिरकत की। चादर पोशी के बाद बाबा के दरगाह में लंगड़(भंडारा) शुरू हो गया। सोमवार से शुरू हुआ भंडारा पूरे दिन तक चलेगा। जो मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक रोजाना चलेगा। इसी तरह आज मंगलवार 09 जुलाई को बाद नमाज़ फजिर कुरानख्वानी , 9 बजे से 12 बजे तक नातिया प्रोग्राम, दो बजे से कुल शरीफ की फातहा, 2 बजे से लंगर (भंडारा) का आयोजन होगा। खादिम डॉक्टर लियाकत अली, डॉक्टर बरकत अली, यासीन अली लुगासी ने सभी चाहने वालों से गुजारिश की है कि वह उर्स मुबारक में ज्यादा से ज्यादा तादात में पहुँच कर सबाबे दारैन हासिल करें और दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक में शामिल हों।





# एक बैंक ऐसा जहाँ राम नाम का होता है संग्रह

### 3 वर्ष से संचालित राम बैंक में 40 करोड़ से अधिक राम नाम का हो चुका है संग्रह

**छतरपुर।** संसार में सभी लोग कुछ न कुछ संग्रह करते रहते है। कुछ लोग पैसों का संग्रह करके बैंकों मे जमा कराते है तो कुछ लोग ऐसे भी है जो भक्ति, आस्था एवं साधना के माध्यम से राम नाम लिखकर भी संग्रह करते है। ऐसे ही संग्रह के लिए एक राम नाम बैंक शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवी पवन मिश्रा एवं श्रीमती बरखा मिश्रा द्वारा संचालित किया जा रहा है। उनके अनुसार इस बैंक को खोलने की प्रेरणा उन्हे कोरोना काला में मिली और उन्होंने अपनी माताजी से आशीर्वाद लेकर इस बैंक को प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि इसको खोलने के लिए प्रारम्भ में 1 करोड़ राम नाम के संग्रह के साथ इसे खोलने का संकल्प किया था परन्तु लोगों में इस ओर, रुक्षान व प्रयास से देश के विभिन्न स्थानों से करीव एक करोड 80 लाख राम नाम के संग्रह के साथ इसको प्रारम्भ किया गया जो निरन्तर विगत तीस वर्षों से संचालित किया जा रहा है और अभी तक 40 करोड़ से भी अधिक राम नाम का संग्रह हो चुका है। लोग निरन्तर यहाँ आकर अपने लिखे हुये राम नाम का संग्रह कराते रहते है।

ऐसे ही एक राम नाम संग्रहकर्ता श्रीमती राजकुमारी शर्मा पत्नी सी के शर्मा प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर बताती है कि वे भी विगत 6 वर्षो से राम नाम लिखती चली आ रही है और इसको लिखने से उन्हें आत्मशक्ति मिलती है एवं जीवन मे सरलता एव सहजता आती है। उनके द्वारा भी यहाँ आकर 21 लाख से अधिक राम नाम का संग्रह जमा कराया गया। इस अवसर पर राम बैंक संचालक पवन मिश्रा एवं उनकी पत्नी श्रीमती द्वारा श्रीमती राजकुमारी शर्मा को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम का किया गया निस्तारण



**रीवा** उच्च न्यायालय में दायर याचिका के समाप्त होने के उपरांत ईव्हीएम मशीनों का निस्तारण किया गया। ईव्हीएम के निस्तारण के लिये कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षित रखी गई ईव्हीएम का स्ट्रांग रूम खोला गया। इन मशीनों को ईव्हीएम वेयर हाउस में रख दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में सम्पन्न निर्वाचन की रीवा विधानसभा क्षेत्र के तीस मतदान केन्द्रों से संबंधित ईव्हीएम की 30 कंट्रोल यूनिट, 60 वैलेट यूनिट तथा 31 व्हीव्ही पैट को याचिका के कारण सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया था। याचिका समाप्त होने के उपरांत ईव्हीएम का निस्तारण कर इन्हें वेयर हाउस में रख दिया जायेगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, ईव्हीएम प्रभारी आदित्य सिंह, फैज सिद्दीकी, श्री बृजवासी लाल मिश्रा सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 81.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 8 जुलाई को 3.3 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 81.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 136.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 17 मिलीमीटर, गुढ़ में 105 मिलीमीटर, सिरमौर में 126.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 40 मिलीमीटर, सेमरिया में 110 मिलीमीटर, मनगवां में 43 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 71 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 106.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

# सभी अधिकारी पौधरोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं - कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में 30 जुलाई तक वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। सभी अधिकारी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जिन कार्यालय परिसरों में भूमि उपलब्ध है वहाँ समारोहपूर्वक पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी विद्यालय परिसरों में पौधे रोपित कराएं। अपर संचालक उच्च शिक्षा कालेज परिसरों में पौधे रोपित कराकर शिक्षा वन का विकास कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में उपयुक्त स्थलों पर पौधे रोपित कराना सुनिश्चित करें। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है। हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में भागीदारी निभानी होगी।

कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक कृषि किसानों के लिए खरीफ फसल के बीज तथा खाद तथा वितरण सुनिश्चित कराएं। जिले को नियमित रूप से खाद की रैक प्राप्त हो रही हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद और बीज का वितरण कराएं। खाद के वितरण और उपलब्धता की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराएं। वर्षा जनित रोगों से बचाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई ग्राम पंचायतों के सहयोग से सभी हैण्डपंपों तथा अन्य जल स्त्रोतों में क्लोरीन की दवा डालकर उनका शुद्धिकरण कराएं। जो हैण्डपंप गर्मियों में जल स्तर नीचे जाने से बंद हो गए उन सभी में ग्राम पंचायतों के सहयोग से



रिचार्ज सिस्टम लगाएं जिससे वर्षा का जल संचित हो सके। इस कार्य को सात दिवस में पूरा करना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम छात्रावासों तथा स्कूलों का निरीक्षण करके उनमें पेयजल एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय वृद्धाश्रमों में दी जाने वाली खाद्य सामग्री की जाँच कराकर उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। एसडीएम अपने क्षेत्र में लगातार तथा भारी वर्षा होने पर बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखें। बाढ़ से राहत और बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों जैसे नाव, रस्सा, जेसीबी मशीन, टार्च आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं जिससे रैंकिंग में सुधार हो। जून माह में प्राप्त शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंप सुधार से संबंधित 1050 शिकायतों का सात दिवस में निराकरण कराएं। जिला प्रबंधक जल निगम कंदैला नलजल योजना से जुड़ी 119 शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा संधारण के संबंध में ग्राम पंचायतों के सहयोग से व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग तथा नगर निगम में भी बड़ी संख्या में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी स्कूल बसों की सतत निगरानी करके उनमें शासन द्वारा निर्धारित किए गए सुरक्षा मापदण्डों का पालन सुनिश्चित कराएं। स्कूल बसों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जननी सुरक्षा योजना तथा प्रसूति सहायता योजना की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही जिले भर में चलाए जा रहे दस्तक अभियान की मॉनीटरिंग कर शिशुओं का सम्पूर्ण टीकाकरण शत-प्रतिशत कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आनलाइन वर्कशॉप आयोजित

**रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 8 जुलाई 2024 को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की शुरुआत प्राचार्य डॉ सोमदत्त पांडेय के उद्बोधन के साथ हुई। विषय प्रवर्तन वर्कशॉप के संयोजक डॉ प्रकाश चंद्र पटेल ने किया । वक्ताओं का संक्षिप्त परिचय डॉ अनवर खान के द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ स्मिता श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक विधि विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज ने कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट, इंडस्ट्रियल डिजाइन, ज्योग्राफिकल इंडिकेशन आदि विषयों पर गहराई से प्रकाश डाला। दूसरे वक्ता डॉ दिग्विजय सिंह



सहायक प्राध्यापक केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार गया ने अपने उद्बोधन में पेटेंट के विभिन्न प्रकारों जैसे यूटिलिटी पेटेंट्स, डिजाइन पेटेंट्स, प्लांट पेटेंट्स आदि विषय पर छात्र-छात्राओं एवं श्रोताओं का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ विवेक कुमार पटेल, डॉ भजन राम मौर्य, डॉ बृजकांत साकेत, डॉ सतीश मिश्रा, डॉ संतोष कुमार तिवारी, डॉ के. के. विश्वकर्मा, डॉ आशीष पांडेय एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वर्कशॉप के आयोजन में महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ नारायण पांडेय का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ अवनीश सिंह के द्वारा किया गया।

### जिले में उपलब्ध है 15866 टन यूरिया तथा 5940 टन डीएपी

**रीवा।** आगामी खरीफ फसल के लिए सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद की आपूर्ति की जा रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने इस संबंध में बताया कि जिले में वर्तमान में 15866.28 टन यूरिया तथा 5940.90 टन डीएपी उपलब्ध है। इसके साथ-साथ 3276.75 टन एनपीके, 41.75 टन एमओपी तथा 5292.40 टन सिंगल सुपर फास्फेट भण्डारित है। अब तक किसानों को 8667.52 टन यूरिया, 6390.93 टन डीएपी, 596.15 टन एनपीके, 11.70 टन एमओपी तथा 1610.88 टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है। किसानों ने गत माह पर्याप्त मात्रा में खाद का अग्रिम उठाव किया। जिले में खाद की नियमित आपूर्ति की जा रही है। आगामी एक माह तक जिले को नियमित रूप से खाद के रैक प्राप्त होंगे। खरीफ फसल में कुल 58 हजार 500 टन खाद के उपयोग का अनुमान है।

# जिले में 266210 हेक्टेयर में होगी धान की खेती

**रीवा** जिले भर में किसान खरीफ की फसल के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। धान की रोपाई के लिए उसकी नर्सरी तैयार कर ली गई है। किसानों को तेज वर्षा का इंतजार है। खेतों में पर्याप्त पानी आने के बाद धान की रोपाई का कार्य शुरू हो जाएगा। वर्ष 2024 में जिले में कुल तीन लाख 64 हजार 170 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सर्वाधिक दो लाख 66 हजार 210 हेक्टेयर में धान की बोनी होगी। जिले में 3940 हेक्टेयर में ज्वार, 1100 हेक्टेयर में मक्का, 1380 हेक्टेयर में बाजरा की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिलेट मिशन के तहत श्री अन्न यानी मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गत वर्ष कोदौ के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि हुई। इस वर्ष 5350 हेक्टेयर में कोदौ की खेती का अनुमान है। जिले में इस वर्ष 21450 हेक्टेयर में अरहर, 20400 हेक्टेयर में मूंग, 27730 हेक्टेयर में उड़द तथा 15650 हेक्टेयर में तिल की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। सोयाबीन में अभी भी किसान रूचि नहीं दिखा रहे हैं। लगभग 960 हेक्टेयर में सोयाबीन की बोनी का अनुमान है। उप संचालक ने बताया कि जिले में खरीफ की मुख्य फसल धान है। जिले में एक लाख 75 हजार 500 हेक्टेयर में धान रोपा विधि से लगाई जाएगी। शेष क्षेत्र में परंपरागत पद्धति से धान की खेती होगी। जिले में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण अभी धान की बोनी शुरू नहीं हुई है। जिन क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो गई है वहाँ कोदौ, अरहर, उड़द, मक्का, ज्वार आदि की बोनी की जा रही है। अब तक लगभग 18 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। धान की बोनी शुरू होने पर क्षेत्राच्छादन में तेजी से वृद्धि होगी। जिले में वर्ममान में यूरिया, डीएपी, सिंगल सुपर फास्फेट खादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। खाद की रैक जिले को लगातार प्राप्त हो रही हैं।

**जिले में इस वर्ष 364170 हेक्टेयर में होगी खरीफ की बोनी**

# टिकुरी 32 में जमीन विवाद पर पुलिस हस्तक्षेप



## बसपा कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव कर न्यायिक जांच की मांग

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुरी 32 में 12 जून को आम ग्रामीणों एवं पुलिस के मध्य हुई तथाकथित घटना की न्यायिक और उच्च स्तरीय जांच कराये जाने के सम्बंध में सोमवार को पुलिस अधिक्षक कार्यालय पहुंच कर बसपा के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिनांक 12 जून को ग्राम टिकुरी 32 में दो कुशवाहा परिवारों के बीच जमीन सम्बंधी विवाद था, उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच महेश अम्बेडकर एवं उनके साथ में गांव के सूर्यभान जायसवाल कुशवाहा परिवारों के बुलावे पर समझौता कराने गये थे। इसी बीच किसी व्यक्ति के बुलावे पर थाना गढ़ के पुलिस कर्मी गंगा सिंह एवं अभिषेक पाण्डेय सहित अन्य पुलिस कर्मी भी पहुंच गए, बाद में थाना प्रभारी थाना गढ़ विकास कपीश भी घटनास्थल पर पहुंच गये। इसी बीच दोनों कुशवाहा परिवारों के मध्य वाद विवाद होने लगा, वहीं पर उपस्थित सरपंच महेश अम्बेडकर एवं सूर्यभान जायसवाल बीच बचाव करने लगे तब थाना प्रभारी विकास कपीश महेश अम्बेडकर के साथ गाली गुप्ता करते हुये बंद करने की धमकी दी गयी तो महेश अम्बेडकर उन्हें गाली देने से मना किया और बताया कि मै इस गांव का सरपंच हूँ, दोनों परिवारों के बीच समझौता कराने आया हूँ लेकिन थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी सुनने को तैयार नहीं हुये और महेश अम्बेडकर के साथ लात, घूसों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने गये सूर्यभान जायसवाल के साथ भी मारपीट किये। जैसे ही आम ग्रामीणों को उक्त घटना की व पुलिस बर्बरता की जानकारी मिली वैसे ही आम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और महेश अम्बेडकर की माँ देववती साकेत भी पहुंचकर पुलिस के चंगुल से अपने पुत्र को बचाने लगी बाद में पुलिस ने मनमानी मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू करदी इस मामले की न्यायिक ओर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है

# फ्लाई ओवर पर बाइक और कार की जोरदार टक्कर, एक की मौत दूसरा गंभीर

**रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र मे सोमवार की सुबह सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज मे कार ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी है, इस सड़क हादसे में एक भाई ओवर ब्रिज से उछलकर पुल के नीचे जा गिरा है जिससे उसकी मौत हो गई है।वही दूसरा भाई कि हालत गंभीर बताई गई जहा संजय गांधी अस्पताल मे ईलाज जारी है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक संदीप जयसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी बेलाउहन टोला रीवा अपने छोटे भाई प्रदीप जायसवाल उम्र 24 वर्ष के साथ बाइक से करहिया सब्जी मंडी जा रहा था बताया गया है कि दोनों भाई



सब्जी मंडी में सब्जी का व्यापार करते हैं इसी दौरान जैसे ही सिरमौर चौराहा ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद बड़ा भाई संदीप जयसवाल ओवर ब्रिज से नीचे जा गिरा और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि छोटा भाई प्रदीप जायसवाल कार के नीचे आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं मृतक के शव की पंचनामा कार्रवाई करके पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवाया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

# नगर निगम कार्यालय का फुटपाथ व्यापारियों ने किया घेराव, दो दिन से फुटपाथ में नहीं करने दिया जा रहा व्यापार




**रीवा।** नगर निगम क्षेत्र पर स्थित कोठी कंपाउंड और साई मंदिर के आसपास फुटपाथ पर बैठकर व्यापार करने वाले व्यापारियों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय का घेराव किया,व्यापारियों का कहना है कि वह फुटपाथ पर बैठकर छोटी-छोटी दुकानें संचालित करते हैं, और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं लेकिन बीते शनिवार से उन्हें लगातार वहां से हटाया जा रहा है इसके चलते उनके सामने अब भूखों मरने की समस्या आ गई है। व्यापारियों ने बताया कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आतीक्रमण नहीं किया गया है बल्कि सड़क के किनारे फुटपाथ पर जमीन में बैठकर व्यापार किया जाता है उन्होंने कहा कि विगत 40 वर्षों से उनके द्वारा इसी तरह व्यापार कर अपने परिवार का भारत पोषण किया जा रहा है, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा बैठने नहीं दिया जा रहा जिससे वह दुकान संचालित नहीं कर पा रहे हैं और अब भूखे मरने की कगार पर आ गए हैं व्यापारियों ने कहा कि हमारी मांग की हमें उस स्थान पर फुटपाथ पर बैठकर दुकान संचालित करने दिया जाए या कोई जगह निश्चित कर दी जाए व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त से अपनी समस्याएं बातने आए हैं अगर उनके द्वारा इसका निराकरण नहीं किया जाएगा तो अगला कदम उठाते हुए वह रीवा कलेक्टर से मिलेंगे और उसके बाद फिर भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो डिप्टी सीएम से मुलाकात करेंगे।

# चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर और खलासी ने कूदकर बचाई जान



**रीवा।** जिले के चाकघाट मे हाइवे में चलते हुए ट्रक के पहियों पर अचानक आग लग गई इस आगजनी की घटना के दौरान ट्रक धू धू कर जलने लगा, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ओर स्थानीय लोगो ने आग पर काबू पाया, वही उक्त ट्रक में चने की बोरियां लदी हुई थी,जो नागपुर से गोरखपुर की ओर जा रहा था आगजनी की इस घटना के दौरान लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है,बताया गया कि आगजनी की घटना टायरों में हुए घर्षण के कारण हुई है,पूरा घटनाक्रम आज सुबह 3 से 4 बजे के करीब का बताया गया वही सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं लोगों की मदद से आग मे काबु पाया गया हालांकि घटना की शिकायत अब तक पुलिस में नहीं की गई।

# वार्ड 9 में बारिश होने से आवागमन हुआ अवरुद्ध



**मानपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में थोड़ी सी बारिश होने से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, जोकि लल्लू भाईजान के घर के बगल से रोड निर्माण करा दिया जाए तो, शायद कुछ समस्या हल हो जाएगी। वहीं बरसात के मौसम में कई घर बने हुए है, लेकिन नगर परिषद के द्वारा आज तक न तो निरीक्षण किया गया, न हीं पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई, स्कूल चालू हो गये है और छोटे-छोटे बच्चों का आवागवन बना रहता है, जिन्हें आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल का इतना भराव हो जाता है कि किसी को पता नहीं की नीचे कितना गड्ढा है , अगर आने-जाने में किसी को कुछ हो गया, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा । इतना जल भराव होता है कि पानी निकालने के लिए कहीं से कोई रास्ता नहीं और कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।कुछ दिन पहले सीसी रोड का निर्माण किया गया था, उस वक्त अगर पुलिया बनवाकर पानी निकासी कर दिया जाता तो, शायद इतना जल भराव नहीं होता और लोग आराम से आ-जा सकते थे। ग्रामीणों ने मांग की है कि अविलंब पानी निकासी की व्यवस्था की जाए या फिर रोड निर्माण करा दिया जाए, जिससे किसी प्रकार को असुविधा का सामना ना करना पड़े और आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े ।

# कैंटाबिल रिटेल ने दो नए स्टोर खोले



**रीवा।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड रीवा में अपने ब्रांड- न्यू रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1350 और 2100 वर्गफुट में क्रमशः फैले ब्रांड के यह स्टोर मेन इलाहाबाद रोड, पवार गैस गोदाम के पास, रीवा, मध्य प्रदेश 486001 में स्थित है। जो ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, "हम रीवा में अपना नया स्टोर शुरू करके बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल रिटेल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपने तमाम ग्राहकों के बीच काफी सराहना हासिल की है। हमारा यह नया स्टोर पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों तथा एक्सेसरीज़ के साथ-साथ फैशन-फ़ॉरवर्ड परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करते है। अपने ग्राहकों को ट्रेंडी लेकिन प्रतिस्पर्धी फैशन परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने मध्य प्रदेश में अपने नये स्टोर खोले हैं। पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है।''